# प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

जयपुर में चल रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन आज प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर भी इसमें शिरकत कर रहे है। इसके अलावा यूके, दुबई के प्रवासी संगठनों के अध्यक्ष, नेपाल के सांसद और पीरामल इंन्डस्ट्रीज के अध्यक्ष भी शामिल हो रहे है। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड ने कॉन्क्लेव में कहा कि राज्य सरकार ने निवेश को बढावा देने के लिए कई नई पॉलिसियां बनाई है। इनके जरिये लालफीताशाही को खत्म कर निवेशकों का स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करने में प्रवासी राजस्थानियों की अहम भूमिका है। अपनी माटी से प्रवासियों का हमेशा से जुडाव रहा है।

.........................

समिट में आज सेक्टोरल और कन्ट्री सैशन्स भी आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें एग्री बिजनेस हैल्थ केयर और सप्लाई चेन से जुडे सत्रों के अलावा यूएसए, मलेशिया, जर्मनी, सिंगापुरा और कोरिया के कन्ट्री सैशन हो रहे है। निवेश सम्मेलन के प्रतिनिधियों के लिए आज सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया है। सम्मेलन के अंतिम दिन कल एमएसएमई कॉन्क्लेव रखा गया है।

.........................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 दिसंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर में बताया कि इस अवसर पर महिला किसान और मजदूर कल्याण सहित कई कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि महिला निधी बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया जायेगा। सवा लाख छात्राओं को साईकिले वितरित की जायेंगी। इसके साथ ही 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं आगे बढेंगी तभी देश आगे बढेगा।

.........................

राज्य के अगले बजट 2025–26 के लिए नागरिकों और संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए गए है। प्रदेश के विकास में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ये पहल की गई है। वित्त विभाग के निदेशक बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आम नागरिक बजट संबंधी सुझाव वित्त विभाग की वेबसाईट पर दस जनवरी तक भेज सकते है।

.........................

उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तीसरे दिन आज घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा दी जा रही है। स्वास्थ्यकर्मी पोलियो बूथ पर आने से वंचित रहे पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दे रहे है। बालोतरा में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ आंगनबाडी कार्यकर्ता भी अभियान में सहयोग कर रही है।

.........................

राज्य में लोककलाओं को संरक्षण देने के उद्देश्य से आज कई स्थानों पर ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं हो रही है। डीग में महोत्सव का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी इसमें शामिल हुए। पाली में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हो रहे इस उत्सव में लोकनृत्य, लोक गायन तथा वादन की स्पर्धाए हो रही है।

.........................

झालावाड़ में बिंदा टोल नाके के पास एक ट्रॉले और मोटरसाईकिल की टक्कर में कल शाम तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा इन्दौर–झालावाड मार्ग पर हुआ। मृतक कोटा के रामगंजमण्डी के कुंभकोट गांव के निवासी थे।

.........................

प्रदेश में सर्दी के तेवर तेज हो गए है। देश के उत्तरी राज्यों के पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के साथ ही प्रदेश में ठण्ड़ तेज हो गई हैं। अधिकांश स्थानों पर सुबह शाम ठिठुरन और गलन का एहसास हो रहा है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। माउंटआबू में आज न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सीकर और हनुमानगढ में 4 दशमलव 5, पिलानी में 5 दशमलव 6, गंगानगर में 5 दशमलव 8 और बारां के अंता में 6 दशमलव 8, चित्तौडगढ में 7 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ।

.........................